# बेग बरातघर में मौलाना तौकीर की मौजूदगी में हुई थी बैठक

## 19 सितंबर को तौकीर रजा समर्थकों की हुई बैठक का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन के रडार पर आया अवैध बेग बरातघर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में आई लव मुहम्मद पोस्टर को लेकर हुए बवाल के बाद से ही बरेली विकास प्राधिकरण अवैध निर्माणों पर कार्रवाई कर रहा है। बेग बरातघर प्रशासन के रडार पर बवाल होने के बाद तब आया जब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ये वीडियो 19 सितंबर को बेग बरातघर में मौलाना तौकीर रजा की मौजूदगी की गई बैठक का बताया जा रहा है।

इसके एक सप्ताह बाद यानि 26 सितंबर को ही शहर में बवाल हो गया। बीडीए ने पांच अक्टूबर को बिना नक्शा पास कराए बने बेग बरातघर को सील कर दिया था। बरेली विकास प्राधिकरण की टीम मंगलवार को जब भारी पुलिस बल के बीच चार बुलडोजर लेकर फरीदापुर चौधरी स्थित बेग बरातघर पहुंची तो आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

इस दौरान जैसे ही बीडीए ने ध्वस्तीकरण कार्रवाई आरंभ की, बेग बरातघर के मालिक सपा के पूर्व पार्षद और बवाल मामले में फरार चल रहे वाजिद बेग पुत्र हुसैन बेग का भाई आबिद बेग बीडीए अफसरों के पास आया।



फरीदापुर चौधरी में वाजिद बेग के बरातघर पर चलता बीडीए का बुलडोजर। ● अमृत विचार

- बवाल के प्रकरण में आरोपी पूर्व सपा पार्षद वाजिद बेग चल रहा फरार
- वाजिद का भाई बोला कंपाउंडिंग कराने को बीडीए में नहीं हुई सुनवाई

> अवैध निर्माण के चलते बीडीए की ओर से ध्वस्तीकरण किया जा रहा है, वाजिद बेग का आपराधिक इतिहास है। वहीं शहर में हुए उपद्रव से पहले 19 सितंबर को इस बरात घर में बैठक होने का मामला भी सामने आया था।
>
> – मानुष पारिक, एसपी सिटी

उसने अफसरों से इस कार्रवाई का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सीलिंग की कार्रवाई के बाद से ही कंपाउंडिंग कराने के लिए बीडीए अफसरों से लगातार संपर्क कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

बरातघर का ध्वस्तीकरण न किया जाए, इसके लिए हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की है और मामला विचाराधीन है, लेकिन इससे पूर्व ही कार्रवाई कर दी गई। कहा कि शासन को कंपाउंडिंग से राजस्व मिलेगा न कि ध्वस्तीकरण से। हालांकि बीडीए की बुलडोजर कार्रवाई जारी रही।

### साहब! घर दीवारें हिलने से बुजुर्ग हो रहे परेशान



बीडीए के लगातार गजरने से वाजिद बेग के बरातघर से सटे मकान में निवास करने वाले लोगों की भी सांसें अटकी रहीं। बुलडोजर कार्रवाई आरंभ होते ही बार-बार घर की महिलाएं पुलिस से बात करने को बाहर आ रहीं थी। इस पर महिला पुलिस उनके घर गईं तो महिलाओं ने बताया कि उनके घर में बुजुर्ग महिला की तबियत खराब है। इस कार्रवाई से उनके मकान की दीवारें हिल रहीं हैं। इस पर परिवार को कार्रवाई होने तक पड़ोस के घर में जाने को कहा गया। वहीं उनके मकान को भी कोई नुकसान न पहुंचने का भी आश्वासन दिया गया। इसके बाद परिवार के लोग मकान खाली कर पड़ोसी के घर में चले गए।

### ढहाते-ढहाते दो बुलडोजर के टूटे पंजे

बेग बरातघर को पूरी तरह से ध्वस्त किया जा सके इसके लिए बीडीए की टीम चार बुलडोजर लेकर पहुंची थी, लेकिन लगातार बुलडोजर के गरजने से दो बुलडोजरों के पंजे निकल गए। इसके चलते कुछ देर के लिए कार्रवाई हल्की हो गई।







### बीडीए का दावा, नहीं थमेगा बुलडोजर एक्शन

बीडीए ने पूर्व में पीलीभीत बाईपास रोड स्थित आरिफ के अवैध शॉपिंग काम्पलेक्स, 16 दुकानें, नदीम का अवैध बरातघर समेत अन्य अवैध निर्माणों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है, वहीं पीलीभीत बाईपास रोड पर ही बने होटल स्काई लॉर्क, फाहम लॉन, फ्लोरा गार्डन को भी बीडीए ने पूर्व में सील किया है। बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार के अनुसार, अवैध निर्माणों पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## सिटी ब्रीफ

### सुशासन सप्ताह में 337 शिकायतों का समाधान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त 337 शिकायतों का समाधान और आय, जाति, निवास, हैसियत प्रमाण-पत्रों सहित 1545 आवेदनों का निस्तारण किया गया। तहसील नवाबगंज, फरीदपुर, आंवला और मीरगंज में ग्राम चौपाल शिविर आयोजित किए गए, जिनमें एसडीएम, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा एवं पूर्ति विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, कन्या सुमंगला, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया।

### गैरहाजिर पंचायत सहायक की सेवाएं समाप्त

**बरेली, अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत इटौआ में तैनात पंचायत सहायक और एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर मो. फिराज की संविदा समाप्त कर दी गई है। प्रभारी बीडीओ इंद्रसेन सरोज ने बताया कि सेवा समाप्ति से पहले पंचायत सहायक को कई नोटिस दिए गए, लेकिन उसकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, जिसके चलते कार्रवाई की गई है।

### कर्मचारी को अनुशासनहीनता पर कारण बताओ नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने रसायन विभाग में संविदा के आधार पर कार्यरत तृतीय श्रेणी कर्मचारी सुनील कुमार को अनुशासनहीनता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार संबंधित कर्मचारी पर परीक्षा ड्यूटी के दौरान नियमों की अवहेलना और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी का आरोप है। प्राचार्य ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। समय सीमा के भीतर संतोषजनक उत्तर न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शहर में आज

- श्री शिव महापुराण कथा धोपेश्वरनाथ मंदिर में दोपहर 1 बजे से।
- बीबीएल पब्लिक स्कूल पीलीभीत बाईपास रोड में उषा रानी अग्रवाल चेस टूर्नामेंट सुबह 10 :30 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा सुबह 9 बजे से।
- यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियन की कार्यालय पर मीटिंग शाम को 5 .15 बजे
- क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में प्रभु यीशु के जन्म से पूर्व आराधना रात 10 :30 बजे।
- बिशप कोनरॉड स्थित सेंट अल्फोंसस चर्च में प्रभु यीशु के जन्म पर आराधना रात 11 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक की विषम सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 11 बजे से।

# दिन में कुछ देर की राहत के बाद फिर छायी घने कोहरे की चादर



घने कोहरे की वजह से मंगलवार देर रात पटेल चौक पर स्काई वॉक के नीचे दिखना बंद हो गया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के लोगों को घने कोहरे से जल्द राहत मिलने की उम्मीद कम है। सोमवार रात से छायी घने कोहरे की चादर मंगलवार दोपहर कुछ देर के लिए छटी लेकिन शाम होते ही फिर से छा गई। इसकी वजह से बरेली एयरफोर्स पर दृश्यता शून्य और जिले में 30 मीटर रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 29 दिसंबर तक घने कोहरे का ओरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।

पश्चिमी विक्षोभ और हवाएं चलने की वजह से लोगों को ठंड से भी राहत नहीं मिली। दोपहर करीब एक बजे निकली हल्की धूप से कुछ खास राहत नहीं मिली। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य 4.1 डिग्री सेल्सियस कम 16.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड और धुंध से राहत के आसार कम हैं। 24 से 27 दिसंबर तक घने कोहरे का ओरेंज और 28 से 29 तक येलो अलर्ट है।

- घने कोहरे की वजह से बरेली एयरफोर्स पर दृश्यता शून्य रिकॉर्ड की गई
- मौसम विभाग ने 29 दिसंबर तक घने कोहरे का अलर्ट किया जारी



घने कोहरे की वजह से सुबह नैनीताल रोड पर हेड लाइट जलाकर गुजरते वाहन।

# कोहरे की वजह से 6 ट्रेनें रद्द, दर्जनों घंटों की देरी से आई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोहरे की वजह से ट्रेनें रोजाना घंटों की देरी से चल रही हैं। बरेली जंक्शन पर मंगलवार को 6 ट्रेनें कोहरे के चलते निरस्त रहीं, जबकि दर्जनों देरी से पहुंची। यात्री ठंड में ट्रेनों के इंतजार में परेशान हुए।

ट्रेन 12209 काठगोदाम गरीब रथ, 18103 अमृतसर टाटा नगर एक्सप्रेस, 15128 काशी विश्वनाथ, 14618 पूर्णिया फोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस, 12584 लखनऊ डबल डेकर सुपरफास्ट, 15076 शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस कोहरे के चलते मंगलवार को रद्द रहीं। इसके अलावा 19602 उदयपुर एक्सप्रेस 3 घंटे 45 मिनट, 20503 नई दिल्ली राजधानी 2 घंटे, 12203 अमृतसर गरीब रथ 7 घंटे, 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस 4 घंटे, 15075 टनकपुर त्रिवेणी डेढ़ घंटा, अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 2 घंटे 20 मिनट की देरी से पहुंची।

- अमृतसर गरीब रथ 7 घंटा रही लेट, यात्री होते रहे परेशान

**इज्जतनगर मंडल की 6 ट्रेनें 31 जनवरी तक निरस्त :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिचालनिक कारणों से 25 दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक छह ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इनमें 55311 कासगंज-लालकुआं सवारी गाड़ी, 55309 लालकुआं-काशीपुर सवारी गाड़ी, 55305 काशीपुर-रामनगर सवारी गाड़ी, 55306 रामनगर-काशीपुर सवारी गाड़ी, 55310 काशीपुर-लालकुआं सवारी गाड़ी, 15062 लालकुआं- कासगंज एक्सप्रेस शामिल हैं।

### राहत : बेंगलुरु फ्लाइट 10 मिनट पहले पहुंची 15 मिनट की देरी से रवाना हुई

बरेली, अमृत विचार : सुबह घने कोहरे के बाद दोपहर में खिली धूप से साफ हुए मौसम में बेंगलुरु फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 10 मिनट पहले बरेली एयरपोर्ट पहुंची, इससे 356 यात्रियों को बड़ी राहत मिली। वहीं 15 मिनट की देरी से फ्लाइट बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। एयरपोर्ट अथॉरिटी के एक अधिकारी के अनुसार मंगलवार को बेंगलुरु में भी मौसम साफ रहा। बेंगलुरु फ्लाइट ने यात्रियों को लेकर बरेली के लिए उड़ान भरी और बरेली एयरपोर्ट पर अपने निर्धारित समय 2 :20 बजे से पहले 2 :10 बजे पर लैंड हुई। बरेली एयरपोर्ट से फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय 2 :55 बजे से महज 15 मिनट की देरी से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी। बेंगलुरु से 169 यात्री बरेली उतरे और बरेली से बेंगलुरु के लिए 187 यात्री रवाना हुए।

### यात्रियों को दिखाया रैन बसेरे का रास्ता

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भीषण ठंड में यात्रियों के बचाव के लिए नगर निगम की टीम ने मंगलवार को अभियान चलाया और यात्रियों को रैन बसेरे का रास्ता दिखाया।

शाम करीब 7 बजे निगम की प्रवर्तन टीमों ने रेलवे जंक्शन, सिटी स्टेशन, पुराना रोडवेज और सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंच कर यात्रियों को रैन बसेरे में आराम करने के लिए भेजा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि शहर में 11 रैन बसेरे हैं। भीषण ठंड में खुले में लोग रात न गुजारें इसके लिए टीमों को चेकिंग करने के लिए आदेशित किया गया है।

# सरहिंद स्टेशन पर सात ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली होकर गुजरने वाली उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की सात ट्रेनों को फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोर मेला के चलते सरहिंद स्टेशन पर दो मिनट का अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोर मेला के चलते 25 से 27 दिसंबर तक अंबाला मंडल के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर मुरादाबाद मंडल की बरेली होकर गुजरने वाली 7 ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। जिसमें ट्रेन नंबर 12237 बेगमपुरा एक्सप्रेस, 12407 अमृतसर कर्मभूमि, 15933 अमृतसर एक्सप्रेस, 12358 दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12408 न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, 18104 टाटा नगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस शामिल हैं।

- फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोर मेला के चलते बरेली होकर गुजरने वाली ट्रेनों को 25 से 27 दिसंबर तक दिया गया दो मिनट का ठहराव

### मुरादाबाद-बरेली मेमू बहाल, यात्रियों को राहत

रेलवे ने 64178-77 मुरादाबाद-बरेली मेमू ट्रेन को बहाल कर दिया है। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। रेलवे ने दिसंबर के पहले सप्ताह में बरेली से होकर जाने वाली अप-डाउन की 38 ट्रेनों को तीन माह के लिए निरस्त कर दिया था। बरेली-मुरादाबाद मेमू का संचालन बाया चंदौसी किया जाता है। इस रेल रूट पर ट्रेनों की संख्या सीमित है। मेमू के निरस्त होने से अन्य ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया था। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि बरेली-मुरादाबाद मेमू का संचालन बुधवार से पूर्व निर्धारित समय से शुरू कर दिया जाएगा।

**परियोजना**

एनएचएआई मुख्यालय से प्रस्ताव को अनुमोदन मिलने के बाद शुरू किया जा रहा निर्माण कार्य, मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य

# लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर रिंग रोड निर्माण को हरी झंडी, आज से शुरू होगा काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर झुमका तिराहा से चौबारी होते हुए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पास शाहजहांपुर रोड तक 29.95 किलोमीटर लंबे रिंग रोड के निर्माण को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने हरी झंडी दे दी है। यह परियोजना करीब 1750 करोड़ रुपये की है। इसके निर्माण के लिए बुधवार से औपचारिक रूप से काम शुरू हो जाएगा। प्रोजेक्ट मैनेजर अश्वनी चौहान ने बताया कि मुख्यालय से अनुमोदन मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

दरअसल, रिंग रोड परियोजना को शुरू होने से पहले कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान घपले उजागर होने के कारण राजस्व और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई हुई तो वहीं, भूमि अधिग्रहण में विलंब और मुआवजा वितरण की सुस्त प्रक्रिया ने परियोजाना में अड़ंगा लगाया। एनएचएआई के अधिकारी सितंबर माह में ही निर्माण शुरू कराने का दावा कर रहे थे, लेकिन दो प्रकरण उलझ गए थे। इसमें एक यह कि मुआवजा वितरण अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो सका था, दूसरा वन विभाग से एनओसी नहीं मिल पा रही थी। नवंबर के अंत में वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और एनएचएआई के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने आश्वस्त किया कि दिसंबर के मध्य तक 80 प्रतिशत मुआवजा वितरण करा दिया जाएगा। इसको देखते हुए दिसंबर के पहले सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों ने मुख्यालय प्रस्ताव भेजा था। दिसंबर का दूसरा सप्ताह भी समाप्त होने के बाद फिर मुख्यालय पर पैरवी की गई। इसके बाद अब अंतिम अनुमोदन मिलने के बाद निर्माण कार्य बुधवार से शुरू होने जा रहा है। इस रिंग रोड के बनने से क्षेत्रीय यातायात प्रणाली में सुधार के साथ ही आर्थिक और लॉजिस्टिक लाभ भी मिलने की उम्मीद है।

- करीब 1750 करोड़ की लागत से 29.95 किमी का बनाया जा रहा रिंग रोड



### रिंग रोड में सात बड़े और चार छोटे पुल बनाने की योजना

लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर बनने वाली रिंग रोड की डिजाइन इस प्रकार तैयार की गई है कि मौजूदा सड़कों और यातायात को प्रभावित नहीं किया जाएगा। कई स्थानों पर मार्ग में पहले से बने सीसी रोड और खड़ंजा आ रहे हैं, जिन्हें बंद नहीं किया जाएगा। रिंग रोड को इन बाधाओं के ऊपर पुल बनाकर आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे यात्रा में व्यवधान नहीं आएगा। झुमका तिराहा के धंतिया गांव से रिंग रोड आरंभ होगी, जहां पहला फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इसके बाद मार्ग रेलवे लाइनों के पार जाएगा, जिनके लिए आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त रामगंगा किनारे भी आरओबी का निर्माण किया जाएगा। इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पास रिंग रोड को दिल्ली-लखनऊ हाईवे से जोड़ने के लिए चौथा आरओबी बनाया जाएगा। इस प्रकार रिंग रोड परियोजना में कुल सात बड़े पुल और चार छोटे पुल बनाए जाएंगे।

### शहर को भी जाम से मिलेगी निजात

रिंग रोड पर अंडरपास, फ्लाईओवर और अन्य स्ट्रक्चर सिक्स लेन होंगे। निर्माण पूरा होने पर बदायूं की ओर से आने वाले वाहन शहर में प्रवेश किए बिना ही नैनीताल और लखनऊ की ओर जा सकेंगे। शहर में भारी वाहनों का दबाव कम होगा तो जाम से निजात मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अश्वनी चौहान ने कहा कि कार्यदायी संस्था को झुमका तिराहा और चौबारी पर एक साथ कार्य शुरू कराने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। अगर कोई बाधा नहीं आई मार्च 2028 तक परियोजना पूर्ण हो जाएगी।

### परियोजना एक नजर में

- 1750 करोड़ रुपये अनुमानित लागत
- 995 .75 करोड़ रुपये निर्माण कार्यों में होंगे खर्च
- 750 करोड़ रुपये से होगा भूमि अधिग्रहण

# ठेकेदार का हैसियत प्रमाण पत्र निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम ने ठेकेदार नीरज भाटिया का हैसियत प्रमाण पत्र मंगलवार को निरस्त कर दिया। मिथिलापुरी निवासी ठेकेदार नीरज राज्य और केंद्र सरकार की कई कार्यों का ठेका लेता था। अप्रैल 2023 में ठेकेदार ने 22 लाख रुपये का हैसियत प्रमाण पत्र बनवाने को आवेदन किया था।

इसे 20 अप्रैल 2023 को जारी कर दिया गया। इस बीच शिकायत मिलने पर की गई जांच में पता चला कि नीरज ने आवेदन में गलत दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इसके आधार पर डीएम ने हैसियत प्रमाण पत्र को निरस्त करने का आदेश दिया। इस प्रमाण पत्र का कोई भी प्रयोग पूर्व में या भविष्य में अवैध माना जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### अब दो सदस्यीय कमेटी करेगी खंडूजा के आरोपों की जांच

**बरेली, अमृत विचार** : आगरा से सप्लाई की गई दवाओं के नकली होने के आरोपों को लेकर लखनऊ की ड्रग एजेंसी के मालिक मनोज कुमार खंडूजा ने औषधि विभाग के अधिकारियों पर पक्षपात और मनमानी कार्रवाई का आरोप लगाया। बीते दिनों औषधि विभाग ने तीन फार्मा एजेंसियों के लाइसेंस 30 दिन के लिए निलंबित किए थे, जिसमें लखनऊ ड्रग एजेंसी भी शामिल थी। खंडूजा ने कहा कि उन्होंने आगरा से मंगाई गई दवाओं के बिल, चेक और ऑनलाइन भुगतान की रसीदें अधिकारियों को प्रस्तुत की थीं। बावजूद उनका लाइसेंस निलंबित कर आर्थिक और मानसिक परेशानियों में डाला गया। उन्होंने मंडलायुक्त से निष्पक्ष जांच की मांग की। मंडलायुक्त ने प्रारंभ में जांच एडिशनल कमिश्नर प्रीति जायसवाल को सौंपी, लेकिन रिपोर्ट देखने के बाद संतुष्ट नहीं हुए। लिहाजा, एक बार फिर मंडलायुक्त ने सीडीओ और नगर आयुक्त की दो सदस्यीय कमेटी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

### कार की मांग पूरी नहीं होने पर की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार** : कार की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। महिला ने जेठ पर दुष्कर्म करने की कोशिश का भी आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर बारादरी थाना पुलिस ने पति समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि उसका निकाह शाही थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। परिजनों ने उसकी शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालियों ने इनोवा कार की मांग कर दी। जब मायके वालों ने मना किया तो मारपीट की गई। आरोप है कि जेठ ने आए दिन उसके साथ अश्लील हरकतें करना शुरू कर दी। उसने अपने पति से शिकायत की तो उसके साथ मारपीट की गई। महिला का आरोप है कि 8 मार्च को ससुराल के लोग किसी कार्यक्रम में गए थे, इसी बीच उसका जेठ मौका पाकर कमरे में घुस आया और दुष्कर्म की कोशिश की।

# हिंदूवादी नेता के हत्यारोपियों का गैंग पंजीकृत

## गौरव गोस्वामी के मुख्य हत्यारोपी निशांत को बनाया सरगना, गिरोह में सात अन्य बदमाश शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गौरव गोस्वामी के हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस भेज चुकी जेल
- हत्या करने वालों के खिलाफ जल्द होगी गैंगस्टर कार्रवाई

**अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र के ईसाइयों की पुलिया के पास 11 सितंबर को हिंदूवादी संगठन के नेता गौरव गोस्वामी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में बारादरी पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी निशांत सोनकर उर्फ बिहारी को गैंग लीडर बनाते हुए गैंग पंजीकृत किया है। गिरोह में गैंग लीडर समेत पुलिस ने आठ बदमाशों को शामिल किया है। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई अमल में लाने की कार्रवाई तेज कर दी है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि खुर्रम गौटिया में 11 सितंबर की रात दो गुटों में झगड़े के दौरान बिशारतगंज निवासी हिंदूवादी संगठन से जुड़े नेता गौरव गोस्वामी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। झगड़े के दौरान आरोपी ने उसके चेहरे पर गोली मारी थी, जिससे एक आंख बाहर तक निकल आई थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान गौरव के सिर में 315 बोर की गोली फंसी मिली थी। अत्यधिक रक्तस्राव भी मौत की वजह बना था। मृतक के पिता छोटे लाल ने बारादरी थाने में अनस उर्फ मुलायम, नैतिक सोनकर, बिहारी उर्फ निशांत सोनकर, राजा उर्फ कपिल, अभय, शेखर, सगीर और चन्दन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि हिंदूवादी नेता की हत्या में आरोपी बनाए बदमाशों का गैंग पंजीकृत किया गया है। बारादरी थाना पुलिस की आख्या पर सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और एसपी सिटी मानुष पारीक ने संस्तुति दी। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने आदेश जारी करते हुए मुख्य आरोपी निशांत सोनकर को गैंग लीडर घोषित कर दिया। गिरोह में नवादा शेखान निवासी चंदन, खुर्रम गौटिया के अभय, राजा उर्फ कपिल, समीर, शेखर, नैतिक सोनकर और अनस उर्फ मुलायम को गिरोह का सक्रिय सदस्य बनाया है।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत जल्द दर्ज होगी नई रिपोर्ट

इंस्पेक्टर ने बताया कि गौरव गोस्वामी के फरार हत्यारोपी शेखर को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया था, जबकि, अनस, समीर, चन्दन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। निशान्त सोनकर उर्फ बिहारी, राजा उर्फ कपिल, अभय ने न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर आत्मसमर्पण किया था। आरोपियों से पूछताछ में जानकारी हुई थी कि गौरव गोस्वामी को निशान्त सोनकर उर्फ बिहारी ने गोली मारकर हत्या की थी। आलाकत्ल बरामद करने के लिए आरोपी को पांच घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड लेकर आलाकत्ल बरामद कर जेल भेजा गया था। पुलिस ने निशांत, चंदन, अभय, राजा, समीर, शेखर, नैतिक और अनस के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है। अब गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

> गौरव गोस्वामी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सरगना निशांत के गिरोह को पंजीकृत किया गया है। गिरोह में सरगना समेत आठ बदमाशों को शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ जल्द गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – अनुराग आर्य, एसएसपी

### पार्टी कर लौट रहे थे सभी दोस्त

पुलिस के मुताबिक, मनोज जमानत पर छूटा तो गौरव अपने दूसरे भाई के साथ उससे मिलने पहुंचा। तब मनोज ने जमानत पर छूटे अपने साथी आकाश व उसके दोस्तों से मिलने और पार्टी करने की इच्छा जताई। इस पार्टी में आकाश व लकी लभेड़ा के साथ उनके कुछ और दोस्त भी थे। लौटते वक्त इनकी टेंपो चालक अनस से कहासुनी हुई। नशे की हालत में तीन बाइकों पर बैठे नौ दोस्तों को अनस का पलटवार नागवार लगा। तब वे अनस का पीछा करते उसके घर तक पहुंच गए। अनस ने अपने साथियों को जुटा लिया। मारपीट में जब गौरव के दोस्त हावी होने लगे तो अनस के कहने पर उसके दोस्त ने गोली चला दी, जो गौरव के चेहरे पर जाकर लगी।

# कचहरी से लौट रहे वकील पर बदमाशों ने किया हमला

संवाददाता, कैंट

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की जांच की

**अमृत विचार** : कचहरी से घर लौट रहे बाइक सवार वकील को रास्ते में कार सवार बदमाशों ने रोक कर मारपीट की और जान से मारने का प्रयास किया। वकील के चीखने की आवाज पर राहगीर इकट्ठा हो गए तो आरोपी फरार हो गए। सोमवार शाम घटी घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर कैंट पुलिस और कई वकील पहुंच गए। पुलिस देर रात तक आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालती रही। लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सुभाषनगर क्षेत्र के मोहल्ला पटेल विहार निवासी अनुज शर्मा ने बताया, शाम को कचहरी से काम निपटा कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। बुखारा मोड़ से करेली करगैना रोड पर अज्ञात स्कॉर्पियो कार सवारों ने उन्हें रास्ते में रोककर उन पर हमला कर दिया। वकील के चीखने की आवाज पर आसपास के लोग तथा अन्य राहगीर एकत्र हो गए। भीड़ जुटी देख आरोपी कार सवार कार में बैठकर फरार हो गए।

सूचना पर इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे और पड़ताल की मौके पर कई वकील भी पहुंच गए। पुलिस ने देर शाम तक आसपास के कई सीसीटीवी कैमरों को चेक किया।लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका है। पीड़ित वकील अनुज शर्मा की तहरीर पर कैंट पुलिस ने देर रात अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**बरेली, अमृत विचार** : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में अधिवक्ता महजबीं के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर परिवार के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर बैठे अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रखी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन भी किया। इससे करीब एक घंटे तक सड़क जाम रहा। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम के साथ नोक-झोंक भी हुई। भूख हड़ताल पर बैठे महजबीं के चाचा अधिवक्ता अच्छन अंसारी ने कहा कि जब एक जज और वकीलों का पूरा परिवार इंसाफ के लिए भटक रहा है, तो आम आदमी की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। महजबीन की बहन अधिवक्ता यासमीन ने कहा कि वह अपनी बहन के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी चाहती हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मोहम्मद युनुस का पुतला दहन किया

**अमृत विचार**: बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और निर्दोष दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मंगलवार को डीडीपुरम स्थित बलिदान चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा करो, केंद्र सरकार हिन्दुओं की रक्षा करो, हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे आदि नारे लगाए और बांग्लादेश के नेता मोहम्मद युनुस का पुतला दहन किया।

विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले सुनियोजित हैं और बजरंग दल इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां अल्पसंख्यक हिंदू भय के साये में जीने को मजबूर हैं। महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने उग्र शब्दों में कहा कि उन्मादी भीड़ किसी भी देश का भविष्य नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भीड़ ने मासूम बच्चियों तक को नहीं बख्शा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बांग्लादेश सरकार ने हालात पर नियंत्रण नहीं किया, तो देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। महानगर संयोजक केवलानंद गौड़ ने कहा कि बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता हिंदू समाज की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश को दी जा रही सहायता चावल, पानी और बिजली को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि वहां की सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

इस उग्र प्रदर्शन में महानगर उपाध्यक्ष परम केसवानी, विभाग सह संयोजक आर्यन चौधरी, गौ रक्षा प्रमुख आशीष शर्मा, सह संयोजक आशीष सक्सेना, विद्यार्थी प्रमुख निखिल गंगवार और सुरक्षा प्रमुख आर्यन खटीक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में पुतला दहन करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# गोल्डी बराड़ गैंग के दो नाबालिग समेत चार गुर्गों पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के आवास पर शूटरों ने की थी अधाधुंध फायरिंग
- चार्जशीट में रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़ गैंग के सदस्यों पर फायरिंग का आरोप

**अमृत विचार** : सिविल लाइंस स्थित फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग मामले में कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिग समेत चार आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

चार्जशीट में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा गैंग के दो नाबालिगों पर फायरिंग का आरोप लगा है। राजस्थान के जैतारण निवासी रामनिवास और हरियाणा के सोनीपत निवासी अनिल को षड्यंत्र रचने का आरोपी बनाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने गैंग की दहशत फैलाने के उद्देश्य से यह वारदात की। घटना के दो मुख्य आरोपी रोहतक निवासी रविंद्र और सोनीपत निवासी अरुण को स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) और दिल्ली की स्पेशल यूनिट ने नोएडा में मुठभेड़ में मार गिराया था। इस वजह से उनके नाम चार्जशीट में नहीं हैं, लेकिन पुलिस ने उनके कृत्यों का भी जिक्र किया है। विवाद की जड़ दिशा पाटनी की बहन मेजर खुशबू पाटनी द्वारा कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के लिव-इन रिलेशनशिप वाले बयान के विरोध में वीडियो जारी करना था। इसी के बाद 11 और 12 सितंबर की रात को गैंग ने दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग कर दहशत फैलाई।

सोशल मीडिया पर गैंग ने खुलेआम जिम्मेदारी ली और कहा कि हमारे सनातन के गुरुओं का अपमान सहा नहीं जाएगा। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि पहली फायरिंग 11 सितंबर को दो नाबालिग आरोपियों ने बाइक से आकर की थी। चूंकि उस दिन फायरिंग की आवाज किसी ने नहीं सुनी, इसलिए अगले दिन गैंग के मुख्य सदस्य रविंद्र और अरुण ने विदेशी पिस्टल से कई राउंड फायरिंग की। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी बरेली में छह सितंबर को ही पहुंच चुके थे। पहले उन्होंने रेकी की, फिर वारदात को अंजाम दिया। इस पूरी वारदात में रामनिवास और अनिल ने अहम भूमिका निभाई।

### पांचवें दिन दो को मुठभेड़ में किया गया था ढेर

फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग के पांचवें दिन ही एसटीएफ, बरेली एसओजी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविंद्र और अरुण को नोएडा की ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसके बाद अन्य आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी गई। दिल्ली पुलिस ने पहले दिन फायरिंग करने वाले दोनों नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जबकि बरेली पुलिस ने रामनिवास और अनिल को मुठभेड़ के दौरान और कांबिंग के बाद दबोचा। अब पुलिस ने दो नाबालिग आरोपियों सहित रामनिवास और अनिल के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है।

# बार चुनाव : जांच में सभी 80 पर्चे वैध नाम वापसी आज

**विधि संवाददाता, बरेली**: बरेली बार एसोसिएशन के चुनाव में मंगलवार को 80 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच चुनाव मण्डल द्वारा की गयी, सभी नामांकन पत्र वैध और सही पाये गये, आपत्तियां निरस्त की गयी।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव जयपति ने बताया कि कुछ आपत्तियां बगैर नाम की थी जिनको निरस्त कर दिया गया, बाकी की आपत्तियां संतोषजनक नहीं थी। सभी नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की गयी। बुधवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इस दौरान चुनाव अधिकारी विशम्भर कुमार आनन्द, महावीर सिंह, राकेश कुमार सक्सेना, आनन्द कुमार रस्तोगी, मो. जुबैर अमजद, रूप राम राना, प्रदीप कुमार आजाद, राम कुमार सारस्वत, खलीक उर रहमान, आलोक तायल, शांतिपाल, अमित अवस्थी मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़की संग दुष्कर्म में 10 वर्ष कैद

- कोर्ट ने 17 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**विधि संवाददाता, बरेली** : स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र प्रकाश ने थाना बारादरी क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार को 10 वर्ष पूर्व नाबालिग (16 वर्ष) लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष कठोर कारावास और 17 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि 14 मई 2015 की रात लड़की को बहला-फुसलाकर प्रदीप और उसके साथी ने बाइक पर जबरदस्ती बैठाकर ले गए थे। जांच में पीड़िता ने स्वीकार किया कि उसे दिल्ली ले जाकर आठ दिन तक रखा गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बहला-फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप पत्र अदालत में पेश किया। परीक्षण के बाद अदालत ने सख्त सजा सुनाकर दोषी को दंडित किया।

### नाबालिग लड़की के अपहरण में तीन वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली** : नाबालिग लड़की का 10 वर्ष पूर्व अपहरण करने के आरोपी भुता सोनू उर्फ अमित को दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने 3 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सोनू के माता-पिता को बरी कर दिया। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि 28 अगस्त 2015 की शाम 7 बजे 14 वर्षीया पुत्री को सोनू कहीं ले गया है। विवेचना में पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। पुलिस ने सोनू को दुष्कर्म के आरोप से बरी कर दिया। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये।

# कन्हैया गुलाटी समेत परिवार पर 18वीं एफआईआर दर्ज

- कन्हैया, उसकी पत्नी, मां, बेटे समेत साले को बनाया गया आरोपी
- शाहजहांपुर के मोहल्ला पटेलनगर निवासी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : युवाओं को शेयर मार्केट और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करके करोड़पति बनाने का सपना दिखाने वाला कैनविज ग्रुप असल में सुनियोजित तरीके से ठगी करने वाली कंपनी निकली। कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी और उसके गिरोह के खिलाफ एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर बारादरी थाने में 800 करोड़ रुपये की महाठगी के मामले में एक और रिपोर्ट दर्ज की गई है। बरेली में कंपनी के संचालकों के खिलाफ यह 18वीं एफआईआर दर्ज हुई है।

शाहजहांपुर निवासी विरेंद्र प्रताप ने बताया कि कंपनी ने घर-घर एजेंट भेजकर खासतौर पर युवाओं को निशाना बनाया। किसी ने 25 हजार, तो किसी ने 25 लाख रुपये तक झोंक दिए। सिर्फ नगर पंचायत बंडा (शाहजहांपुर) से ही करीब 5 करोड़ रुपये कैनविज में फंस गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कन्हैया गुलाटी, उसकी पत्नी, मां, बेटे और साले ने कंपनी बनाकर लोगों को सामूहिक रूप से ठगा। शुरुआत में कुछ महीनों तक भुगतान कर भरोसे की नींव रखी गई, लेकिन मई 2025 से अचानक भुगतान बंद कर दिया गया। मूलधन लौटाने के नाम पर दिए गए चेक बैंक पहुंचते ही बाउंस होने लगे। कहीं खाते बंद, तो कहीं बैलेंस शून्य है। अब न कंपनी का दफ्तर है, न कोई जिम्मेदार। कन्हैया गुलाटी और उसका पूरा गिरोह फरार है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने वीडियो बयान जारी कर कार्रवाई तेज करने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि मामले की गुणवत्तापरक जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया गया है। एसपी यातायात अकमल खान को एसआईटी प्रभारी और एएसपी शिवम आशुतोष को सहयोगी बनाया गया है। एसएसपी के मुताबिक कन्हैया गुलाटी, उसके परिवार और साथियों पर झारखंड, बिहार समेत कई राज्यों में मामले दर्ज हैं। हाल ही में बारादरी समेत कई थानों में 18 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है ताकि आरोपी देश छोड़कर न भाग सके। एसआईटी ने विवेचनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है।

### रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 3.70 लाख ठगे

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 3.70 लाख ठग लिये। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। मोहल्ला साहूकारा निवासी सहदेव से गांव बल्लियां निवासी अरुण ने एक साल पहले रेलवे में नौकरी का झांसा देकर करीब 3.70 लाख रुपये ठग लिए। नौकरी नहीं मिलने पर उसे आरोपी ने आठ फर्जी चेक दे दिए।

# एपीके फाइल का लिंक क्लिक करते ही कटे 4.50 लाख

**सीबीगंज, अमृत विचार** : सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक मेडिकल संचालक के अंजान लिंक पर क्लिक करते ही खाते से तीन बार में कुल साढ़े चार लाख रुपये साफ हो गए। खाते से बैलेंस कटने का मेसेज आया तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

सीबीगंज के गांव नदोसी निवासी डॉ. सुनील कुमार शर्मा मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि 22 दिसम्बर को उनके मोबाइल पर एक एपीके फाइल में चालान का लिंक आया, जिसे उन्होंने क्लिक किया। क्लिक करने के कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर मेसेज आना शुरू हुए और तीन बार में साढ़े चार लाख रुपये के करीब रुपये कट गए।

# 14 लाख में मकान बेचा मगर नहीं दिया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कब्जा लेने पहुंची महिला के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर में दबंगों ने एक महिला से 14 लाख रुपये मकान बिक्री के ले लिए लेकिन कब्जा नहीं दिया। जब महिला ने कब्जा मांगा तो दबंगों ने गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान निवासी प्रभा कुमारी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने संजय नगर स्थित एक मकान को पूनम यादव ने 23 मई को 14 लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने पूरी रकम अदा कर बैनामा भी करा लिया लेकिन जब वह मकान पर कब्जा लेने पहुंची तो रंजीत राठौर नाम का दबंग वहां आ धमका और मकान को अपना बताते हुए उनके साथ गालीगलौज की और दोबारा मकान के आसपास न दिखने की धमकी दी। जब उन्होंने पूनम यादव से अपने 14 लाख रुपये वापस मांगे तो वहां से भी उसे धमकी ही मिली। कहा गया कि पैसा नहीं मिलेगा। आरोप है कि जिस मकान का बैनामा उसके नाम कराया गया, उसी मकान को पहले से कई अन्य लोगों को भी बेचा जा चुका है।

# रीडिंग से अधिक आ रहे बिजली बिल

- प्रोप की जगह घर बैठकर मनमानी रीडिंग देकर कर रहे बिलिंग

**बरेली, अमृत विचार**: मीटर रीडरों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। मीटर रीडर प्रोप केबल से बिलिंग नहीं करके करके घर बैठे बिल निकाल दे रहे हैं। इसकी वजह से अधिक बिल आने की शिकायत लेकर उपभोक्ता प्रतिदिन अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं।

तिलियापुर के रहने वाले साबिर हुसैन ने बताया कि गर्मी में उनका बिल 800 से 1000 रुपये प्रतिमाह आता था। सर्दियों में लोड कम होने के बाद भी बिल हर माह 1500 से अधिक आ रहा है। कर्मचारी नगर के रहने वाली कैसर जहां ने बताया कि उनके मीटर में रीडिंग कम दिखा रहा है कि जबकि मीटर रीडर बिल अधिक निकाल दे रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि मीटर रीडरों को निर्देश दिए गए हैं कि वह रीडिंग के हिसाब से ही बिल बनाएं।

पूर्व में कई मीटर रीडरों पर लापरवाही के मामले में कार्रवाई करके उनकी सेवा समाप्त की जा चुकी है। अगर अब जांच में कोई दोषी मिलता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति केन्द्रों को बनाएं प्रभावी मंच : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिक्षेत्र के सभी जिलों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की डीआईजी ने की समीक्षा

**अमृत विचार** : मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की स्थिति जानने के लिए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने परिक्षेत्र के सभी जिलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि मिशन शक्ति केन्द्रों को औपचारिकता के बजाय एक प्रभावी मंच बनाएं। प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या, उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण जरूरी है।

डीआईजी ने कहा कि मिशन शक्ति केंद्र अब नाम भर के काउंटर नहीं रहेंगे। यहां आने वाली हर महिला की पीड़ा को सुना जाएगा, समझा जाएगा और समाधान तक पहुंचाया जाएगा। सिर्फ एफआईआर लिखकर फाइल बंद करने का दौर अब खत्म होगा। 24 दिसंबर को बरेली के थाना आंवला में कुछ ऐसा होने जा रहा है, जो आमतौर पर थानों में देखने को नहीं मिलता। यहां न हथकड़ी होगी, न गिरफ्तारी बल्कि संवाद, समझ और संवेदना की तस्वीर नजर आएगी। मिशन शक्ति के तहत आंवला सर्किल के करीब 100 पारिवारिक विवाद पुलिस, परिवार परामर्श केंद्र और मिशन शक्ति टीम की मेहनत से सुलझाए जा चुके हैं। मिशन शक्ति का असली मकसद सिर्फ केस दर्ज करना नहीं, बल्कि महिलाओं को दोबारा खड़ा करना है। उन्हें इतना मजबूत बनाना कि वे डर के साये से बाहर निकलकर आत्मसम्मान के साथ जी सकें।



समीक्षा बैठक करते डीआईजी अजय कुमार साहनी। ● अमृत विचार

# युवक से चार साल के बेटे को छीनकर नाले में फेंका

- बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा की घटना, पांच पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र में दवा लेने जा रहे एक युवक के साथ पांच युवकों ने रंजिश में जमकर मारपीट की और उसके चार साल के बेटे को छीन कर नाले में फेंक दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जोगी नवादा स्थित सकलैनी चौराहा निवासी जिबरान ने बताया कि वह 6 दिसंबर की शाम 6 बजे अपने पुत्र अरहान (4) के साथ दवा लेने जा रहे थे। आरोप है कि खेड़ा चौराहा में दिलशाद, गुड्डू, इशहाक, फैजान और नईम उसे ने घेर लिया और लात-घूसों से मारना पीटना शुरु कर दिया। उनके गले में अंगोछा डालकर जान से मारने का प्रयास किया और अरहान को जान से मारने की नीयत से गंदे नाले में फेंक दिया। राहगीरों ने बच्चे को कीचड़ से निकाला।

## सिटी ब्रीफ

### युवक-युवतियों को दिया जाएगा पाक कला का प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र की ओर से युवक-युवतियों के लिए एक माह का कुकरी (पाक कला) का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र की ओर से अभ्यर्थियों को फास्ट फूड, साउथ इंडियन डिश और सभी प्रकार के व्यंजनों को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे बेरोजगार युवक-युवतियां सूक्ष्म पूंजी का निवेश कर अपनी जीविका चला सकेंगे। प्रशिक्षण के बाद सभी को फास्ट फूड, दक्षिण भारतीय व्यंजन, ढाबा और रेस्टोरेंट स्थापित करने में प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराकर तकनीकी और व्यावहारिक सहयोग किया जाएगा। इकाई की स्थापना के लिए लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम एक लाख रुपये का अनुदान मुहैया कराया जाएगा। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अखिल सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण शाहजहांपुर की यूनिट के शिक्षक देंगे। साथ ही कुछ पुराने शिक्षकों को प्रशिक्षण के मानदेय पर रखकर प्रशिक्षण पूरा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए युवक-युवतियां राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र पर आकर जानकारी ले सकते हैं।

### गोशालाओं में पौष्टिक हरे चारे के लिए 31 तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** सीवीओ मनमोहन पांडेय ने बताया कि जिले के पशुपालकों के लिए गोशालाओं में पौष्टिक हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेपियर घास रोपण योजना शुरू की गई है। इसके तहत ऐसे कृषक और पशुपालक जिनके पास न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है, क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पात्र लाभार्थियों को नेपियर घास की जड़ें विभागीय पशुधन प्रक्षेत्र से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही खेत की तैयारी, खाद, उर्वरक व सिंचाई के लिए प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपये की अनुदान राशि दो किश्तों में दी जाएगी। योजना में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला मुखिया परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन की

# औद्योगिक टाउनशिप के लिए जल्द शुरू होगा भूमि अधिग्रहण

## डीएम ने औद्योगिक टाउनशिप को लेकर बैठक में जारी किए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण यानि बीडीए, शहर में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने जा रहा है। इसको लेकर डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पहली बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रस्तावित क्षेत्र के संबंधित गांवों के किसानों से भूमि अधिग्रहण जल्द आरंभ करने के लिए मंथन किया गया।

इस दौरान बीडीए अफसरों ने बताया कि औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने को लेकर ग्राम रसूला चौधरी, भिटौरा, नौगवां (फतेहगंज पश्चिमी), चिटौली और रहपुरा जागीर की कुल 124.3703 हेक्टेयर भूमि को भू-स्वामियों से आपसी सहमति के आधार पर अधिग्रहित करने की तैयारी की गई है। बैठक में एसडीएम सदर और मीरगंज को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित किसानों के स्वामित्व की जांच आख्या तुरंत उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उपनिबंधक बरेली को पिछले छह माह के विक्रय पत्रों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। चकबंदी प्रक्रियाधीन रहपुरा जागीर के अभिलेख चकबंदी अधिकारी बरेली को तहसील को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। इसके साथ ही अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई और लोक निर्माण विभाग को भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



बीडीए के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। • अमृत विचार

- पांच गांव के किसानों से होगा भूमि अधिग्रहण, बीडीए के अधिकारियों को दिए निर्देश

### नई टाउनशिप को 11 और किसानों ने कराया बैनामा

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली के बाद जल्द ही बरेली विकास प्राधिकरण की पीलीभीत बायपास रोड पर प्रस्तावित नई टाउनशिप भी जल्द धरातल पर होगी। बीडीए ने जमीन खरीद की प्रक्रिया तेज कर दी है। दो गांवों के 11 किसानों ने बीडीए के पक्ष में जमीन का बैनामा कराया। इस संबंध में बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि गांव कुम्हरा और नवदिया कुर्मियान के 11 किसान मदन लाल, अनिल कुमार, ज्ञानेन्द्र पाल सिंह, नबी अहमद, हुलासो देवी, मुन्नी व ताहिर हुसैन, देवेन्द्र सिंह, सुख्खन लाल और आतुर सक्सेना की भूमि के बैनामे संपन्न किए गए। निष्पादन के बाद किसानों को 18.50 करोड़ से अधिक रुपये का भुगतान चेक के माध्यम से दिए गए।

### अवध धाम कॉलोनी में बंदरों का आतंक फाड़ रहे कपड़े

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के रहपुरा चौधरी स्थित अवध धाम कॉलोनी के लोग घरों में सहमे हुए हैं। ऐसा इसलिए कि तीन दिन से बंदरों ने इस कॉलोनी में आतंक मचा रखा है। सुबह से लेकर शाम तक बंदर घरों की छतों पर डेरा डाले रहते हैं। मौका मिलते ही घरों में घुसकर सामान उठा ले जा रहे हैं और कपड़े फाड़ दे रहे हैं। बंदरों के डर से लोग घरों से बाहर निकलने में भी कतरा रहे हैं।

अवध धाम कॉलोनी निवासी अशोक तिवारी ने बताया कि तीन दिनों से बंदरों ने कॉलोनी में आंतक मचा रखा है। छतों पर सूखने के लिए डाले गए कपड़े बंदरों ने फाड़ दिए हैं वहीं कई लोगों पर हमला भी कर दिया है। इतना ही नहीं मौका पाकर बंदर घरों में भी घुस कर सामान उठा ले जा रहे हैं। बंदरों के डर से घर से बाहर निकला दूभर हो गया है। कई बार निगम में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन किसी ने भी सुध नहीं ली। नगर निगम के उपनगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत फिलहाल प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन बुधवार को कॉलोनी में बंदर पकड़ने को टीम भेजी जाएगी।

# लापरवाही : जाटवपुरा में बिना अनुमति खोद डाली सड़क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की तरफ से जाटवपुरा में मठिया के पास कुछ माह सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब सड़क को खोद दिया गया है। कुछ लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की तरफ से भूमिगत केबल डालने के लिए सड़क को खोदा गया है, लेकिन बिजली विभाग इससे इंकार कर रहा है। सड़क खुदने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि नई सड़क को अचानक से खोद दी गई।

शहर के जाटवपुरा में सड़क के किनारे एक निजी कंपनी ने अचानक से खोदाई कर दी। पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि भूमिगत केबल डाली जाएगी, लेकिन बिजली विभाग अपना काम होने से इंकार कर रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कुछ माह पहले ही नगर निगम ने सड़क का निर्माण कराया था, लेकिन अब केबल डालने के नाम पर उसे खोद दिया गया। इस मामले में एसडीओ पारस रस्तोगी ने बताया कि उन्हें किसी तरह की सड़क खोदे जाने की जानकारी नहीं है। न ही उनका कोई काम चल रहा है। वहीं, नगर निगम के निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर बिना अनुमति के किसी ने सड़क खोदी है तो मौके पर टीम को भेजकर जांच कराई जाएगी। उसके बाद सड़क खोदने वाली फर्म पर जुर्माना डाला जाएगा।



जाटवपुरा में खोदी गई सड़क।

- आरोप, नगर निगम ने कुछ माह पूर्व कराया था सड़क का निर्माण
- नगर निगम और बिजली विभाग ने सड़क खोदे जाने से किया इनकार

### विषय परिवर्तन के लिए अंतिम मौका 30 तक

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय और बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में विषय परिवर्तन की प्रक्रिया छात्रों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। छात्रों ने प्रवेश लेते समय मेजर, माइनर और वोकेशनल विषयों को साइबर कैफे के माध्यम से अपने स्तर पर फार्म भरते समय बदल दिया। अब जब कॉलेज प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों के पास प्रवेश निरस्त करने का नोटिस पहुंचा तो छात्र समाधान के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के बीच चक्कर काटने को मजबूर हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय ने विषय परिवर्तन के लिए अंतिम तिथि 30 दिसंबर कर दी है।

# साढ़े तीन साल में नहीं बना नाला, फर्म ब्लैक लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास रोड पर नाला निर्माण कार्य में सालों से लापरवाही बरतने पर अनवार हुसैन फर्म को नगर निगम ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है। इसके साथ ही 2.70 लाख रुपये की एफडीआर भी जब्त करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

दरअसल, वार्ड-40, सतीपुर में पीलीभीत बाईपास रोड पर आरसीसी नाला निर्माण कार्य तीन साल छह महीने में भी पूरा नहीं हो सका है। इस संबंध में एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि कार्यादेश 7 जनवरी 2022 को जारी किया गया था। इसके बावजूद फर्म ने अभी तक करीब 50 फीसदी कार्य ही पूरा किया है। कार्य समय पर पूरा करने के लिए पूर्व से ही कई नोटिस भी जारी किए गए हैं। वहीं भुगतान और रॉयल्टी प्रपत्र भी फर्म द्वारा नहीं जमा किए गए, जिससे कार्य पूरा नहीं हो पाया।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के आदेश के तहत फर्म की बैंक की छह एफडीआर राशि कुल 2.70 लाख रुपये जब्त कर ली गई। समय पर कार्य पूर्ण न होने से नगर निगम की छवि धूमिल हुई है। इसके चलते अनवार हुसैन फर्म को ब्लैक लिस्ट किया गया है।

- पीलीभीत बाईपास रोड पर नाला निर्माण का मिला था ठेका
- फर्म की 2.70 लाख की एफडीआर भी जब्त करने के आदेश

# मुंशी नगर में नया नाला निर्माण को मेयर ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम शहर में जल निकासी की व्यवस्था सुधार को लेकर प्रयासरत है लेकिन अभी भी शहर के कई इलाके ऐसे हैं जहां नाला न होने से जल निकासी का संकट बना हुआ है। इसी क्रम में मंगलवार को मेयर डा. उमेश गौतम ने कंजादासपुर मोड़ से कुर्मांचल नगर गेट नंबर-1 के आगे नीलकमल शोरूम के सामने पुलिया तक चल रहे आरसीसी नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके साथ ही खालसा स्कूल से मंडी होते हुए सौ फुटा तिराहे तक प्रस्तावित नाले की स्थिति भी देखी। वहीं, मुंशी नगर इलाके में निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने मेयर से मुलाकात कर नया नाला बनवाने की मांग की। इस पर मेयर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को दूसरे नाले के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है।

मेयर डॉ. उमेश गौतम मंगलवार को निर्माण विभाग के अफसरों के साथ कंजादास पुर मोड़ पर निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करने पहुंचे, कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटों को हाथ में लेकर देखा, वहीं अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर मुंशीनगर क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे तो बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उनके पास आए और जल निकासी की भीषण समस्या होने की जानकारी दी वहीं दूसरे नाले का भी इलाके में निर्माण कराने की मांग की।

इस पर मेयर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को नए नाले के निर्माण को मंजूरी दे दी। इस संबंध में मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था में सुधार के लिए कार्यों का जायजा लिया गया। वहीं स्थानीय लोगों की मांग पर नये नाले के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

- कुर्मांचल नगर से मुंशी नगर और कंजादासपुर मोड़ पर निर्माणाधीन नाले का मेयर ने किया निरीक्षण



मुंशी नगर में निरीक्षण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। • अमृत विचार

# जिला अस्पताल रोड पर फिर खदेड़े ठेले-खोखे



पटेल चौक के आगे अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने मंगलवार को नावल्टी से जिला अस्पताल रोड, पटेल चौक से चौकी चौराहा और नैनीताल रोड पर व्यापक रुप से अभियान चलाकर कार्रवाई की और अतिक्रमणकारियों से 10 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। हालांकि नगर निगम की टीम के वापस लौटते ही खोखे और ठेले फिर अपनी जगह पर काबिज हो गए।

सबसे पहले निगम की प्रवर्तन टीम सुबह करीब 11 बजे नावल्टी चौराहा पहुंची, नावल्टी से जिला अस्पताल रोड होते हुए कुतुबखाना तक अभियान चलाया गया। टीम ने जब फड़ वालों का सामान जब्त करना आरंभ किया तो तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद टीम ने पटेल चौक से चौकी चौराहा की ओर से जाने वाली रोड पर भी सजी अवैध दुकानों पर कार्रवाई की। महादेव पुल होते हुए नैनीताल रोड पहुंची टीम ने इस इलाके में भी अभियान चलाया। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि तीन इलाकों में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। वहीं 10 हजार का जुर्माना भी वसूला गया है।

- निगम ने सामान जब्त करके 10 हजार जुर्माना वसूला, टीम के लौटते ही काबिज हुए खोखे-ठेले वाले

### अब इंटरनेट ठप सिर्फ चार मरीजों की हुई सीटी स्कैन जांच

**बरेली, अमृत विचार:** तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन जांच के लिए मंगलवार को पहुंचे मरीजों को मायूस होना पड़ा। इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से जांच के लिए आगे की तिथि देकर घर भेज दिया गया। शाम 4 बजे कनेक्शन जुड़ने के बाद पहुंचे चार मरीजों की ही जांच हो सकी।

दरअसल, तीन सौ बेड अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। सोमवार को चोर ने इंटरनेट और सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए थे, इससे मरीजों का रिकॉर्ड, रिपोर्टिंग आदि कार्य प्रभावित होने से जांच ठप रही। प्रभारी सीएमएस डॉ. इंतजार हुसैन ने मंगलवार को पुलिस को भी लिखित सूचना दी जिसके बाद पुलिस पहुंची और मौका मुआयना समेत स्टाफ से पूछताछ की। वीडियो में नजर आ रहे युवक के बारे में आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू की। दिन भर सीसीटीवी कैमरे और इंटरनेट के काटे गए करीब 15-15 मीटर तार को दुरुस्त करने का कार्य सुबह से शाम तक चला। इसी बीच 32 मरीज जांच को पहुंचे, जिसमें 28 लौट गए। गंभीर हालत में रहे चार मरीजों की जांच हुई।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अनंतिम मतदाता सूची जारी



भोजीपुरा में मतदाता सूची देखते ग्रामीण। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है। अब मतदाता 23 से 30 दिसंबर 2025 तक अनंतिम मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकते हैं। इस दौरान मतदाता दावे और आपत्तियां भी दर्ज करा सकते हैं, जिसमें 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम भी शामिल किए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत के बूथों पर यह सूची प्रकाशित की गई है। निरीक्षण अवधि के दौरान संबंधित कर्मियों की ओर से निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे। एडीएम प्रशासन एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूर्णिमा सिंह ने बताया कि मतदाता सूची की प्रतियां संबंधित तहसील, विकास खंड, ग्राम पंचायत कार्यालय और जिला निर्वाचन कार्यालय में 30 दिसंबर तक निःशुल्क देखी जा सकती हैं। प्राप्त सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

- 30 दिसंबर तक निरीक्षण, इसके बाद दावों और आपत्तियों का निस्तारण

## सिटी डायरी

### नकाब प्रकरण पर सपा महिला महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महिला महासभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में पीएम को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में महिला के नकाब पर जबरन हाथ लगाने की घटना ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। इसका खुला समर्थन करने वाले यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयानों ने महिला सम्मान को ठेस पहुंचाई है। समाजवादी महिला सभा ने इसे महिलाओं के प्रति ''दूषित मानसिकता'' का परिचायक बताते हुए घोर निंदा की। स्मिता यादव ने कहा कि कहा कि घूंघट या नकाब भारतीय महिला की अस्मिता और सम्मान का प्रतीक है। ऐसे विकृत सोच वालों का समर्थन करने वाले मंत्रियों के बयान भी उतने ही निंदनीय हैं। ऊषा यादव, ममता कश्यप, शशि चन्द्र, ममता, सोनी, राजकुमारी, तारा देवी, राजेश्वरी देवी, कुसुम सागर, मुन्नी देवी, धर्मानंदनी देवी, शांति देवी, रामा देवी, लक्ष्मी देवी, गीता रानी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### वेद, राष्ट्र और समाज सुधार के लिए समर्पित था श्रद्धानंद का जीवन



**बरेली, अमृत विचार :** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस के अवसर पर घंटाघर स्थित महर्षि दयानंद चौक पर वैदिक यज्ञ और गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वैदिक प्रवक्ता श्वेत केतु शर्मा ने स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने अपना संपूर्ण जीवन वेदों, राष्ट्र और समाज सुधार के लिए समर्पित कर दिया। वे स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे और उन्होंने राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ असहयोग, स्वदेशी और राष्ट्रीय आत्मसम्मान जागरण आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभा के प्रधान विजेन्द्र नाथ गुप्ता ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने छुआछूत, जातिभेद और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज सुधारक के रूप में कार्य किया। प्रचारक कवि कृष्ण औतार गौतम ने भी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला। यज्ञ का संचालन पुरोहित चन्द्र देव शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में राजीव आर्य, चन्द्र देव शास्त्री, मेजर सुशील कुमार सक्सेना, अशोक प्रधान, सुनील कुमार गुप्ता, जंग बहादुर सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने भी उनके विचारों पर प्रकाश डाला। संचालन अशोक प्रधान ने किया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न आर्य समाज इकाइयों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की।

### खानकाह-ए-नियाजिया से अजमेर के लिए काफिला रवाना

**बरेली, अमृत विचार :** फैजाने नियाजी वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक डॉ. कमाल मियां नियाजी और अध्यक्ष हमजा मियां नियाजी की सरपरस्ती में मंगलवार सुबह बरेली जंक्शन से ट्रेन के जरिए 200 लोगों का काफिला अजमेर में उर्स में शामिल होने के लिए रवाना हुए। काफिले में खानकाह-ए-नियाजिया के खानदान के लोगों के साथ मुरीद और अकीदतमंद शामिल हैं। डॉ. कमाल मियां नियाजी ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज के बरेली में रूहानी जानशीन शाह नियाज अहमद जो बानी सिलसिला नियाजिया के हैं। उर्स में शामिल होने के लिए गए सभी लोग देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ करेंगे। अजमेर जाने वाले काफिले में कासिम मियां नियाजी, जाहिद मियां नियाजी, राजी मियां नियाजी, जामी मियां नियाजी, हमजा मियां नियाजी, जैन मियां नियाजी, मुत्तकी मियां नियाजी, हादी मियां नियाजी, सय्यद यावर अली नियाजी, यूसुफ हुसैन, फहमी नियाजी, मोहम्मद सऊद समेत अन्य लोग शामिल हैं।





# साढ़े पांच लाख का गेहूं का आटा और मैदा सीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** क्रिसमस को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने चेकिंग अभियान जारी कर दिया है। इसी क्रम में विभाग की टीम ने परसाखेड़ा स्थित फूड कंपनी पर छापेमारी कर 9 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजने के साथ ही पैकेजिंग और लेबलिंग में अनियमितताएं मिलने पर करीब साढ़े पांच लाख रुपये की कीमत का मैदा और गेहूं का आटा सीज कर दिया है।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने परसाखेड़ा स्थित प्रतिष्ठान मैसर्स रेज़ल फूड्स प्रा. लि. पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा कुल 9 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। इनमें रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, ब्रेड इम्प्रूवर के-5, सोया आटा (फुल फैट), आटा, ब्रेड इम्प्रूवर टी-300, कैल्शियम प्रोपियोनेट ग्रैन्यूलर (फूड ग्रेड), मैदा, एनर्जी बूस्ट/ग्लूटिन तथा टूटी-फ्रूटी कैंडी शामिल हैं। इसके साथ ही जांच के दौरान पैकेजिंग एवं लेबलिंग में अनियमितता पाए जाने पर लगभग 500 किलोग्राम गेहूं का आटा, 17,190 किलोग्राम मैदा, जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 5.50 लाख रुपये है जब्त कर सीज कर दिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- फूड कंपनी पर छापे के दौरान पैकेजिंग और लेबलिंग में मिली अनियमितता
- एफएसडीए ने परसाखेड़ा में कार्रवाई करते हुए नौ खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच को भेजे



खाद्य पदार्थों की जांच करती एफएसडीए की टीम। • अमृत विचार

### सेठ चुन्ना मियां सद्भाव सेवा ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण

**बरेली, अमृत विचार:** सेठ-चुन्ना मियां सर्व धर्म सद्भाव सेवा ट्रस्ट की ओर से सेठ चुन्ना मियां के परिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को ठंड में जरूरतमंद असहाय लोगों के लिए कंबल का वितरण किया गया। सेटेलाइट, पुराना बसअड्डा, सिटी स्टेशन आदि स्थलों पर ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरित किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष शकेब रहमान, सचिव विनोद रघुवंशी, फैजान शम्सी, गौतम दुआ, फराज शम्सी, सलमान, गौरव, शाहबाज, बशीर, सैफ, पुलकित आहूजा, आदि लोग मौजूद रहे। तिरंगा सेवा ट्रस्ट के संस्थापक सचिव एड सौरभ शर्मा का योगदान रहा।

## सिटी ब्रीफ

### जूनियर बालक हॉकी की जिला टीम का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 दिसंबर तक विजयंत खंड स्टेडियम गोमतीनगर लखनऊ में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए। टीम में जितिन, सोनू यादव, राहुल सोनकर, आदिल अहमद, विक्की वोरा, सानिध्य, सिद्धार्थ, राहुल गौतम, आयुष कुमार, जितेश, जहरान हुसैन, वैभव, कुमार, अनमोल कश्यप, प्रियांशु कुमार, तनवीर सैफी, अदनान, अभिषेक, मो. अब्बास, अभिजीत का चयन हुआ। इस अवसर पर कोच शिल्पा सिंह मौजूद रहीं।

### क्रिया शोध परिषद की कार्यशाला का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वैभव नगर में विद्या भारती ब्रज प्रदेश की ओर से आयोजित क्रिया शोध परिषद की कार्यशाला हुई। इसका उद्घाटन भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के मंत्री डॉ. अनिल गर्ग, प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह, प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. अजय शर्मा, डॉ. प्रभाष्कर राय, डॉ. इन्द्रदेव त्रिवेदी, डॉ. सुधीर रावत, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. विमल कुमार ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. रविशरण सिंह चौहान ने सभी का स्वागत किया। डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में जो बाधाएं आती हैं उनको दूर करने की प्रक्रिया का वैज्ञानिक एवं सर्वमान्य हल क्रिया शोध है। यशवीर सिंह ने कहा कि समस्या को पहचान कर विभिन्न पक्षों के तथ्य जुटाने होंगे और समस्या के कारणों को समझना होगा। कार्यशाला में प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी, कुमुदेश, सुनील पुंडीर, सत्यप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### मंडल की कुश्ती टीम चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक मऊ में किया जाएगा। बरेली की मंडलीय टीम का चयन सोमवार को हुआ। टीम में सुरभि, प्रतिक्षा, रीया गंगवार, विनीता, नैना, डॉली, अजंलि, पूर्णिमा शर्मा, नीलम गंगवार, सलोनी को शामिल किया गया। टीम कोच के रूप में योगेंद्र पुनिया मौजूद रहे।

### जिम्नास्टिक के ट्रायल 26 और 27 को

**बरेली, अमृत विचार :** क्षेत्रीय कार्यालय आगरा की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष और महिला जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में 1 से 3 जनवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 26 दिसंबर और मंडल स्तरीय ट्रायल 27 दिसंबर को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे।

# सांसद खेल स्पर्धा: कबड्डी में अफजल, सुमित का श्रेष्ठ प्रदर्शन

## वालीबॉल और कबड्डी में बिथरी और जूडो में फरीदपुर के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन बरेली शहर, कैंट, नवाबगंज, मीरगंज, बहेड़ी, आंवला, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर, दातागंज, शेखुपुरा विधानसभा क्षेत्रों की तीन खेलों वालीबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती की प्रतियोगिताएं हुईं।

कबड्डी में बालक वर्ग में सब-जूनियर में बिथरी चैनपुर की टीम विजेता और बरेली कैंट की उपविजेता, जूनियर में भोजीपुरा की विजेता और बरेली शहर की उपविजेता, सीनियर में मीरगंज की विजेता और आंवला की उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में सब-जूनियर में शेखूपुर की विजेता, बिथरी चैनपुर की उपविजेता, जूनियर में बिथरी चैनपुर की टीम विजेता, आंवला की उपविजेता, सीनियर में आंवला की विजेता और मीरगंज की उपविजेता रही। बालक वर्ग में जूनियर में भोजीपुरा के अफजल और सीनियर में मीरगंज के सुमित ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया।

वालीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सब-जूनियर में बिथरी की विजेता और बरेली शहर की उपविजेता, जूनियर में बिथरी की विजेता और फरीदपुर की उपविजेता, बालिका वर्ग में सब-जूनियर में शेखूपुर की विजेता, बरेली कैंट उपविजेता, जूनियर में बरेली शहर की विजेता और बरेली कैंट की उपविजेता रही।

जूडो बालक वर्ग में सब-जूनियर में अलग-अलग भार वर्ग में फरीदपुर के दिनेश, सूर्य पाठक, प्रतीक यादव, विकास, भोजीपुरा के सूर्यांश, जूनियर में फरीदपुर के मोहित, अंकित पाल, रामकरन, शहर के अभय सिंह, सीनियर में फरीदपुर के दीक्षांत, दिग्विजय, लक्ष्मी कांत और बरेली कैंट के प्रशांत बाबू प्रथम रहे। बालिका वर्ग में सब-जूनियर में अलग-अलग भार वर्ग में भोजीपुरा की अंजलि, अनामिका, फरीदपुर की निधि, नित्या अग्रवाल, अंशिका, जूनियर में बरेली कैंट की दीपिका, बिथरी की अबीरा अजीम, नवाबगंज की प्रियंका, फरीदपुर की अविका महाजन, नवाबगंज की नीलम गंगवार, सीनियर में फरीदपुर की रिमी चौधरी, फैसा अख्तर, नवाबगंज की आसिया, मीरगंज की दीक्षा शर्मा प्रथम रहीं।


सांसद खेल स्पर्धा में कबड्डी में भिड़तीं बालिकाएं। ● अमृत विचार



स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित पुरुष वालीबॉल प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और विभिन्न खेलों के अध्यक्ष एवं जिला सचिव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाडियों को खेल में अच्छे प्रदर्शन और उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाडियों से खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने पर बल दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को एथलेटिक्स एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं होंगी।

### जींस में बालिका ने खेली कबड्डी

बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कुछ बालिका खिलाड़ी जींस में खेलती नजर आईं। वहीं उनकी विपक्षी टीम निर्धारित यूनिफार्म पहने प्रतियोगिता का मैच खेल रही थीं। कुछ बालिका खिलाड़ियों के जींस में होने पर भी प्रतियोगिता में सम्मिलित कराके केवल औपचारिकता पूर्ण की गई।

### स्टेडियम के शौचालय में मिलीं सिरिंज



स्टेडियम के शौचालय में उपयोग की हुई सिरिंज पड़ी मिलीं। इससे संभावना है कि खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पहले इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे पहले भी विधायक खेल स्पर्धा के दौरान भी शौचालय में सिरिंज पड़ी मिलीं थीं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि खिलाड़ियों को इसके नुकसान के बारे में नियमित बताया जाता है, लेकिन खिलाड़ी भ्रमित होने की वजह से इसका उपयोग करते हैं, जो भविष्य में खिलाड़ियों के लिए ही नुकसानदायक रहेगा।

### फेंके खाने के पैकेट



स्टेडियम परिसर में खाने के पैकेट पड़े हुए थे। कुछ पैकेट बंद थे जिनको खोले बिना ही फेंक दिया गया। खाने की गुणवत्ता के बारे में पूछने पर कुछ भी कहने से बचे।

# विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम का चयन


बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल देतीं खिलाड़ी।

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के खेल मैदान पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार को महाविद्यालयों की पूरी टीमें नहीं आने से नहीं हो सकी। प्रतियोगिता से विश्वविद्यालय की टीम का चयन होना था। इसके बाद खिलाड़ियों के ट्रायल से टीम चुनी गई।

प्रतियोगिता में जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर, आर्य महिला कॉलेज शाहजहांपुर, साहू राम स्वरूप महिला कॉलेज, बरेली कॉलेज, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर, रुहेलखंड विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने ट्रायल में प्रतिभाग किया। ट्रायल के आरंभ में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर टीम मैनेजर डॉ. मो. कासिफ नईम, धर्मेंद्र शर्मा, शिखा, प्रो. इंदीवर सिंह चौहान, डॉ. नरेंद्र पाल मलिक, डॉ. अमित चिकारा, माजिद हुसैन, डॉ. प्रीति वर्मा, मो. रमजान, प्रीति कश्यप, संतोष सिंह, रमेश पाल आदि मौजूद रहे। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर ने बताया कि प्रतियोगिता से विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया। चयनित टीम नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में भाग करेगी।

# राष्ट्रीय स्तर पर आईडीएस को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज को दिल्ली में आयोजित आईएसपी राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आईडीएस) ने फिर देश में मान बढ़ाया है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए आईएसपी राष्ट्रीय सम्मेलन में आईडीएस को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है।

आईडीएस के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने बताया कि कॉलेज के पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग ने ओरल हाइजीन डे पर रोगी स्क्रीनिंग एवं रोगी प्रेरणा कार्यक्रम के लिए इंडियन सोसायटी ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी (आईएसपी) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। यह सम्मान देश भर के लगभग 140 डेंटल कॉलेजों के बीच प्रतिस्पर्धा में विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग ने ओरल हाइजीन डे पर व्यापक स्तर पर रोगियों की स्क्रीनिंग की और उन्हें मौखिक स्वच्छता, मसूड़ों के रोगों की रोकथाम और नियमित दंत जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। विभाग के इन प्रभावी जनस्वास्थ्य प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सराहना मिली। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में विभाग के पोस्टग्रेजुएट छात्रों की सक्रिय एवं सराहनीय सहभागिता रही। इसके साथ ही पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग के फैकल्टी सदस्य एवं पोस्टग्रेजुएट छात्र इस सम्मेलन की आयोजन समिति का भी हिस्सा रहे, जो विभाग की अकादमिक एवं संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है। यह उपलब्धि विभागाध्यक्ष डॉ. रिका सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार पूरे विभाग की टीम, पोस्टग्रेजुएट छात्रों और सहयोगियों के समर्पण व सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कॉलेज की इस उपलब्धि पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रबंधन, फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने पीरियोडॉन्टोलॉजी विभाग को हार्दिक बधाई दी और भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की कामना की।


दिल्ली में आईडीएस को सम्मान देते पदाधिकारी।

# बोर्ड पैटर्न पर होंगी हाईस्कूल व इंटर की प्री-बोर्ड परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह में होने वाली परीक्षाओं को लेकर तैयारी शुरू
- जिले में इंटरमीडिएट के 42,158 और हाईस्कूल में 49,977 छात्र देंगे परीक्षा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों की प्री-बोर्ड परीक्षाएं पूरी तरह से बोर्ड परीक्षा के तरीके से आयोजित की जाएंगी। ये लिखित परीक्षाएं जनवरी 2026 के दूसरे सप्ताह में आयोजित होंगी, ताकि छात्र परीक्षा का वास्तविक अनुभव ले सकें और तैयारी में सुधार कर सकें।

मुख्य बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिले में 129 परीक्षा केंद्रों की अस्थायी सूची जारी कर दी है। इन केंद्रों पर इंटरमीडिएट के 42,158 और हाईस्कूल में 49,977 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विभाग का कहना है कि इस बार प्री-बोर्ड का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि छात्र आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में उतरें और समय प्रबंधन और सवालों के पैटर्न की समझ हासिल कर सकें। ये परीक्षाएं जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में स्कूल के प्रधानाचार्यों की ओर से संचालित की जाएंगी। सभी प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न के अनुसार होंगी। इनकी समयसारिणी जल्द घोषित हो जाएगी। इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास कराने के साथ-साथ उन्हें वास्तविक परीक्षा का अनुभव देना है। इससे वे अपनी कमजोरियों को पहचान कर सुधार सकते हैं और मुख्य बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार सिंह का कहना है कि जिले के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्री-बोर्ड परीक्षा कराने के लिए बोर्ड से आए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

# मिड नाइट सर्विस आज, प्रभु यीशु का मनाया जाएगा जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बुधवार को सभी चर्चों में मिड नाइट सर्विस की जाएगी, इसके बाद प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया जाएगा।

क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च के पादरी सुनील कुमार मसीह ने बताया कि ईसाई समुदाय के लोग 24 दिसंबर को रात 10 से 12 बजे के बीच गिरजाघरों में प्रभु यीशु मसीह के पृथ्वी पर अवतार लेने की घड़ी पर मिड नाइट सर्विस करेंगे, जो कि देर रात तक चलेगी। रात को चर्च में प्रार्थना सभा होने के बाद प्रभु के जन्म लेते ही जश्न मनाया जाएगा। इसके बाद लोगों की ओर से लाए गए केक काटे जाएंगे।

क्रिसमस की तैयारियों को लेकर शहर में कई दिन पहले से ही सभी गिरजाघरों में सजावट शुरू हो गई। कुछ गिरजाघरों में मंगलवार रात तक सजावट का इंतजाम पूरा हो गया। गिरजाघरों में तरह- तरह की इलेक्ट्रॉनिक लाइटों से सजावट की गई है। रात के समय इस भव्य नजारे को देखने के लिए आसपास के लोग भी पहुंच रहे हैं। वहीं क्रिसमस के लिए बाजारों में सजी दुकानों पर लोग अपनी जरूरत का सामान खरीद रहे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ सजावट और गिफ्ट की दुकानों पर देखने को मिल रही है। लोग क्रिसमस ट्री के साथ ही उसके सजावट का सामान भी खरीद रहे हैं। बच्चों के लिए संता क्लॉज की ड्रेस लोग बच्चों के लिए खरीद रहे हैं।

- लोगों ने खरीदे गिफ्ट, बच्चों ने खरीदे संता के कपड़े, बेकरी पर खूब बिके केक


चर्च में क्रिसमस से पहले सजाई गईं झांकियां। ● अमृत विचार


कुतुबखाना में संता क्लॉज और क्रिसमस ट्री खरीदतीं युवतियां। ● अमृत विचार

### बढ़ी केक की मांग, खूब बिक रहे गिफ्ट

दुकानदारों ने बताया कि क्रिसमस को लेकर एक सप्ताह पहले से हुई केक की बुकिंग हो गई है। चॉकलेट केक, इटालियन क्रीम, स्टिकी टॉफी, पुडिंग डेट्स नट, लोफ और फ्रूट केक खासतौर पर आर्डर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा फ्रूट रम और प्लम केक की मांग है। शहर के सभी गिफ्ट सेंटरों पर क्रिसमस ट्री, संता क्लॉज ड्रेस, जिंगल बेल, डोर बेल एवं सजावटी सामान लोग खरीद रहे हैं।

**आवश्यकता है**
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM (Male) ● आयुर्वेदिक परिचारिका
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय
- हॉस्टल वार्डन फीमेल
- कैंटीन सुपरवाइजर/मेस सुपरवाइजर

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# साहिबजादों की शहादत को किया याद

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में रात्रि के विशेष कीर्तन दरबार में यूएसए के रागी बलजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। उन्होंने शबद मरने ते क्या डरपना जब हाथ सिंधौरा लीन और सूरा सो पहिचानिये जो लरै दीन के हेत, पुरजा पुरजा कट मरे कबहूं न छाडे. खेत गायन कर संगत में जोश भर दिया। हरियाणा से आए ज्ञानी हरजीत सिंह ने इतिहास बताते हुए कहा कि कैसे गुरु गोविंद सिंह साहिब ने एक- एक करके अपने पुत्रों, बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह ने 10 लाख मुगलिया फौज का सामना करते हुए शहादत का जाम पिया। समापन पर संगत ने गुरु का लंगर छका। कीर्तन दरबार का संचालन मालिक सिंह कालड़ा ने किया। राजेन्द्र सिंह, रजनीत कौर, कवलजीत कौर, सतनाम कौर, भवलीन कौर, गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, एमपी सिंह आदि लोगों का सहयोग रहा। बुधवार को सुबह शाम कीर्तन एवं कथा होगी। रात्रि में गतका के मुकाबले होंगे।


मॉडल टाउन गुरुद्वारा में कीर्तन करते रागी बलजीत सिंह। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### एमवीएम क्रीड़ा महोत्सव में वशिष्ठ हाउस कबड्डी विजेता



**बरेली, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर में एमवीएम क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वशिष्ठ हाउस ने छात्र एवं छात्राओं कबड्डी दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर श्रेष्ठता सिद्ध की। पाराशर हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आरएल सिंह के मार्गदर्शन एवं खेल प्रभारी सुभाष चंद्र गुर्जर के नेतृत्व में प्रतियोगिताएं हुईं। शिक्षक विपिन कुमार, मुनेन्द्र पाल, राहुल कुमार, रामगोपाल, पंकज संवाल सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा।


शहीदी दिहाड़ा को लेकर पंजाबी युवा मंच की ओर से रेलवे जंक्शन पर चाय-लंगर सेवा का आयोजन। ● अमृत विचार

### बीएड विद्यार्थियों को मिला स्काउट गाइड का प्रशिक्षण




**बरेली, अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के बीएड और एमए शिक्षा शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बीएड के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय स्काउट गाइड बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पुष्पकान्त शर्मा और सरबजीत कौर ने किया। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने स्काउट-गाइड के उद्देश्यों को समझकर उन्हें जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा ने कोर्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों ने स्काउट-गाइड का इतिहास, गांठ बांधना, ध्वज का महत्व और विद्यालयों में शिविर आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजना जायसवाल ने किया। चीफ प्रॉक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, अजीत सिंह, नमिता गुप्ता, डॉ. शिवानी शर्मा, उपमा गुप्ता, नगमा बी आदि उपस्थित रहे।